सार-समाचार

10 हजार का इनामी तस्कर पकड़ा

जयपुर/चित्तौड़गढ़, (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी में चित्तौड़गढ़ जिले के थाना मंगलवाड में करीब 2 साल से वांछित 10 हजार के इनामी तस्कर प्रकाश सहारण पुत्र दयाराम निवासी बूढे का ताला भलीसर थाना धोरीमन्ना को थाना शिव बाड़मेर क्षेत्र के फलसूंड तिराहे से डिटेन कर लिया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध श्री दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ श्री विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा, नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, राकेश जाखड़, महावीर सिंह शेखावत, कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार को वांछित अपराधियों व गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना संकलन के लिए उदयपुर व जोधपुर रेंज रवाना किया गया था। एडीजी एमएन ने बताया कि शनिवार को टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल महेश सोमरा व महावीर सिंह शेखावत को इनामी आरोपी प्रकाश सहारण के बारे में सूचना मिली थी। इस पर टीम द्वारा सूचना को विकसित कर थाना शिव पुलिस के सहयोग से आरोपी को डिटेन किया गया। इसके बारे में चित्तौड़गढ़ जिले की मंगलवाड थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी बाड़मेर जिले में एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हुए हैं। चित्तौड़गढ़ एसपी द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में इस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। एजीटीएफ के इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल महेश सोमरा व महावीर सिंह शेखावत की विशेष भूमिका तथा नरेंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह, राकेश जाखड़, कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार की तकनीकी भूमिका रही। कार्रवाई में एसएचओ शिव सुमेर सिंह व कांस्टेबल नीम सिंह का भी सराहनीय योगदान रहा।

छात्र ने फंदा लगाकर सुसाइड किया

डूंगरपुर, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के रोहनवाड़ा गांव में दसवीं क्लास के स्टूडेंट फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। अहमदाबाद में मजदूरी कर रहे पिता के लौटने के बाद रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाया गया। सदर थाना एएसआई राजकुमार ने बताया कि पिया बाबूलाल पलात की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि वह गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी करता है। घर पर पत्नी और 2 बेटे रहते हैं। छोटा बेटा संतोष पलात (13) ने इस बार नवीं कक्षा पास करने के बाद दसवीं कक्षा में एडमिशन लिया है। शनिवार शाम के समय संतोष ने घर के पीछे ही एक पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आसपास के लोगो ने उसे फंदे पर लटका देखकर उसके परिवार के लोगो को सूचना दी। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

दो बच्चों के पिता ने सुसाइड किया

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के भंडारिया निचला फला में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना के वक्त पत्नी खेतों में काम कर रही थी। बच्ची के चिल्लाने पर मां दौड़कर आई, लेकिन पति की जान नहीं बचा सकी। कोतवाली थाना एएसआई विपिन जोशी ने बताया कि शंकर बरंडा आवासी भंडारिया निचला फला ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई मणिलाल बरंडा (45) घर पर अकेला था। पत्नी कल्पना घर से कुछ दूर खेतों में काम कर रही थी। बेटी और एक बेटा घर के बाहर ही खेल रहे थे। उसी समय मणिलाल घर में लकड़ी की बल्ली से साड़ी का फंदा लगाकर लटक गया। उसी समय बेटी खेलते हुए घर में गई। पिता को फंदे पर लटका देखकर चिल्लाई। जिस पर खेतों में काम कर रही पत्नी दौड़कर आई और फंदे पर लटके पति की साड़ी काटकर नीचे उतारा। मणिलाल को गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। इलाज के दौरान मणिलाल की मौत हो गई। इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

जगन्नाथ रथ यात्रा का स्वागत

उदयपुर, (कासं)। मीडिया प्रभारी सुनील प्रजापत ने बताया कि प्रजापति युवा जागृति संस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान उनका स्वागत बड़ा बाजार में भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए पिस्ता केसर की कुल्फियों का वितरण किया गया कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया युवा जागृति संस्थान के सभी कार्यकर्ता यहां उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प मालाओं एवं गुलाब की पंखुड़ियां से भगवान श्रीनाथ भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का भव्य स्वागत किया और बड़े हर्षोल्लाह से आनंद उमंग के साथ इस उत्सव को प्रतिवर्ष की भांति संपन्न किया गया संस्थान के अध्यक्ष रामलाल, सचिव राजेश, कोषाध्यक्ष मदन,समाज के अध्यक्ष प्रकाश, औंकार लाल, कैलाश, भेरू लाल, संजय,अशोक रमेश, बाबूलाल, मांगीलाल, नारायण, जगदीश, जयंत, सुभाष नारायण, प्रवीण भरत, शंकर सत्यनारायण आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ट्रोले की टक्कर से युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। आसपुर थाना क्षेत्र में उदयपुर - बांसवाड़ा मार्ग पर रात करीब 11 बजे एक ट्रोले ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायकी निवासी भवानी सिंह (40) पुत्र नाथू सिंह तंवर जो रायकी के एक निजी विद्यालय में कार्यरत था। जो रात करीब 11 बजे स्कूल से अपने घर जा रहा था कि बांसवाड़ा की तरफ से आ रहे एक ट्रोले ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। वही, घटना के बाद ट्रक चालक ट्रोले को मौके पर छोड़कर फरार हो गया वही बाइक के पीछे पीछे चल रह निजी स्कूल के प्रिंसिपल ने अपने कार्मिक को अपनी गाड़ी से आसपुर के सीएचसी पहुंचाया।

'दो साल में बिजली खरीदने वाला नहीं, बेचने वाला प्रदेश बनेगा'

कपासन, (निसं)। कपासन में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां भाजपा की ओर से एसआर वाटिका कपासन में विधानसभा स्तरीय समारोह में स्वागत अभिनंदन किया और मतदाताओं का आभार जताया गया। इस दौरान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मतदाताओं ने पीएम मोदी पर विश्वास कर तीसरी बार जिताया और उन्हें भी आशीर्वाद देकर तीसरी बार सांसद चुना। साथ ही इसके लिए मतदाताओं का आभार जताया।

साथ ही कहा कि अब प्रदेश में

■ 'डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में कपासन विधानसभा में विकास का एक इतिहास बनेगा'

डबल इंजन की सरकार हैं। इस डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में कपासन विधानसभा में विकास का एक इतिहास बनेगा। यहां क्षेत्र में पानी की समस्या है और विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने पानी नहीं आने तक पगड़ी नहीं पहने प्रण ले रखा है। अब फीडर संबंधी जो भी काम है, उसे पूरा किया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष जोशी ने प्रदेश में बिजली समस्या को लेकर कहा कि गहलोत सरकार बिजली खरीद कर देती थी। जितनी मेघा वाट खरीदी उससे अधिक देनी पड़ी, लेकिन अब हमारी सरकार प्रदेश को अगले दो साल में बिजली खरीदने वाला नहीं बिजली बेचने वाला प्रदेश बना देगी। समारोह में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के आठ मंडलों सभी मोर्चा मंडलों, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, विद्यार्थी परिषद, सरपंच संघ आदि की ओर से सांसद जोशी का अभिनंदन किया गया। युवा मोर्चा ने तलवार और तीर कमान भेंट कर अभिनंदन किया। सांसद जोशी के कपासन पहुंचने पर दो जेसीबी से फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। सांसद जोशी ई-मोपेड पर विधायक जीनगर के साथ सवार होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

कपासन में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सीपी जोशी का सम्मान किया।

बालिकाओं ने पौधे लगाए

भीम, (निसं)।उपखंड मुख्यालय के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की 613 लड़कियों ने शृंखलाबद्ध तरीके से 1010 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य मोहनसिंह चौहान ने एक शिशम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरुआत की।बालिकाओं ने पेड़ के रूप श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महाकाल झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

भीण्डर, (निसं)।। भीण्डर के प्रसिद्ध श्रीधर भगवान की रथयात्रा रविवार को धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान ठाकुरजी रथ में बिराज करके नगर भ्रमण किया तो वहीं महाकाल झांकी आकर्षण का केन्द्र रही।

रथयात्रा का नगर के विभिन्न जगहों पर भव्य स्वागत किया गया तो लोगों ने पुष्पवर्षा व आरती करके ठाकुरजी का स्वागत किया। रामपोल बस स्टेण्ड पर युवाओं ने मार्ग को सजा करके रथ का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया। रथयात्रा की शुरूआत भीण्डर राजपरिवार व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर, मन्दिर सेवा प्रन्यास अध्यक्ष कुबेरसिंह चावडा सहित पदाधिकारियों ने भगवान को मन्दिर से बेवाण में बिराजमान करके रथ तक लाएं। यहां से पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर सहित अन्य ने रथ खींच करके रथयात्रा शुरू की।

इस दौरान वल्लभनगर पूर्व विधायक प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत ने भी कार्यकर्ताओं के साथ भगवान का पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

दोपहर करीब 2.30 बजे मन्दिर से शुरू हुई रथयात्रा में राजशाही ठाठ-बाठ में सबसे आगे ऊंट, पांच अश्व, भारत माता की झांगी, बगियों में राम-हनुमान, राधा-कृष्ण सहित विभिन्न झांकियां सुशोभित थी, इनके पीछे डीजे पर महाकाल झांकी टीम और सैकडों श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे।

जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक का धरना चौथे दिन भी रहा जारी

राजसमंद, (निसं)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर ने कहा कि कारखाने मजदूरों के दम पर चलते हैं। ऐसे में प्रबंधन को मजदूरों के हकों का पूरा ध्यान रखना चाहिए न कि सत्ता के आगे झुकना चाहिए। वें जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित इंटक कार्यालय पर रविवार को यूनियन के धरने के चौथे दिन आयोजित सभा में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जेके टायर फैक्ट्री में गैर मान्यता प्राप्त संगठन भामसं और राज्य सरकार के दबाव में प्रबंधन मजदूरों के हक के विरुद्ध काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि वें मजदूर के साथ खडे हैं और उनके हक के लिए बराबर संघर्ष में साथ देंगे। जब तक कि फैक्ट्री प्रबंधन, प्रशासन और सरकार मजदूरों को उनका हक, फैक्ट्री में सुरक्षा आदि उपलब्ध नहीं करवाते। जेके टायर एम्पलाइज यूनियन इंटक के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने कहा कि फैक्ट्री में गिनती के मजदूर काम कर रहे हैं लेकिन प्रबंधन फैक्ट्री में मान्यता प्राप्त संगठन इंटक से मजदूरों के हक पर बात करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन फैक्ट्री में सेवानिवृत्ति कार्मिकों को बुलवाकर उनसे काम करवाते हुए फैक्ट्री को चलाना चाहता है जो संभव नहीं है। साथ ही इस तरह मजदूरों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इंटक के पास फैक्ट्री में पर्याप्त बहुमत है और फैक्ट्री चलाने के लिए प्रबंधन को मजदूरों को उनका हक हर हाल में देना पडेगा। इस दौरान गोवर्धन कुमावत, कुलदीप सिंह, देवीलाल कुमावत, लालसिंह, भेरूंसिंह राव, नाहरसिंह, हंसराज, देवीसिंह, देवीलाल पालीवाल, ऊगराज पालीवाल, हिम्मतसिंह, पूरण कुमावत, गणेश गुर्जर, भंवरसिंह सहित सैकडों श्रमिक मौजूद थे।आंदोलन के तहत सोमवार को सुबह 9 बजे इंटक कार्यालय से वाहन रैली निकाली जाएगी।



इंटक कार्यालय पर आयोजित सभा में श्रमिकों को सम्बोधितकरते जेके टायर एम्पलाइज यूनियनइंटक के अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली।

सार-समाचार

चांद रात पर जनसैलाब उमड़ा

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर ईस्लामी नये साल की चाँद रात पर जन सैलाब उमड़ा। बाबा हुजूर के 83 वें उर्स का अलम शरीफ (झण्डा) 25 मोहरर्म, एक अगस्त गुरूवार को चढ़ाया जायेगा।दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार ईस्लामी नये साल 1446 हिजरी, मोहरर्म की चाँद पर रविवार को बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। आस्ताना ऐ आलिया के मुख्य मज़ार पर चादर, फूल, ईत्र, अगरबत्ती पेश करने के लिये लम्बी-लम्बी कतारें लगी रही। दरगाह शरीफ स्थित फूल की दूकानों, मैला गाउण्ड में खरीदारों का जमावड़ा लगा रहा। अहाता ऐ नूर में महफिले मीलाद पाक पढ़ने वालो ने हम्द नात, मनकबत पेश कर सलातो सलाम पढ़कर फातिहा ख्वानी की। वही बारी-बारी से कव्वाल हज़रात ने कलाम पेश कर दाद बटोरी। बाबा हुजूर का 83 वां उर्स 6 सफर से 8 सफर ईशा अल्लाह 12 अगस्त से शुरू होकर 14 अगस्त को जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा।

कार का कांच फोड़, चार गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)।कोतवाली थाना पुलिस ने 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चारों ने एक गाड़ी पर पथराव कर उसके कांच फोड दिए थें। दो कार के बीच टक्कर के बाद ये वारदात हुई थी। कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि जिया पुत्री नरेश लोहार निवासी आदर्श नगर डूंगरपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की 29 मई को उसकी बहन विधि लोहार दो लोगों के साथ कार लेकर शास्त्री कॉलोनी से आदर्श नगर को तरफ जा रहे थी। इस दौरान पीछे से आ रही एक कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने नंबर प्लेट के आधार पर आरोपियों का पीछा किया। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास पहुंचते ही बदमाशों ने उनकी कार पर पथराव कर दिया। जिससे कार का कांच फूट गया। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पथराव के आरोप में गौरव पुत्र सुरेशचंद्र रोत मीणा, निवासी नया गांव सुराता, कर्मन्य पुत्र हेमंत शर्मा निवासी जयहिंद नगर डूंगरपुर, शैलेश पुत्र उदाजी आमलिया निवासी जुड़ा रेटा ओर यशवंत पुत्र गौतमलाल परमार मीणा निवासी गोकुलपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

शांति भंग में सात गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)।कसारवाडी थाना पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में सात जनों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि 5 जुलाई को विनोद पुत्र कालिया गरासिया निवासी सरसियापाडा ने थाने में रिपोर्ट दी कि कालु पुत्र कसन निवासी कडाईमाल आदि कालू की पुत्री के घर से चले जाने की बात को लेकर शक करते हुए 20 जून को मारपीट व गाली-गलौच की जिस पर उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही थी इसके बावजूद कालू अपने साथियों के साथ 6 जुलाई को प्रार्थी के साथ गाली-गलौच कर जान-माल की धमकियां दे रहा है। जिस पर पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और शांति भंग करने के आरोप में 7 जनों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी कालू ने अपनी पुत्री के चले जाने के संबंध में थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है।

खेत में आया 8 फीट लम्बा अजगर

राजसमंद, (निसं)। जिले में नाथद्वारा तहसील के उलपुरा गांव निवासी शंकर गायरी के खेत में 8 फीट लम्बा अजगर आ गया। जिसको रेस्क्यू कर पुनः जंगल में छोडा गया। जानकारी के अनुसार चम्पाबाई जब खेत में बाजरा काट रही थी तब उनकी नजर अजगर पर पडी। इस पर शोर मचाने से काफी लोग एकत्रित हो गए।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पीपरडा के वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत को दी। सूचना पर गहलोत अपनी टीम के सदस्य विकास खान्देला, अनिल गहलोत, दुर्गेश कुमावत, यशवंत गहलोत, राजेश सालवी और चीकू के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर जा कर देखा कि अजगर बाजरे में छिप कर बैठा था। इस पर टीम ने कडी मशक्कत से अजगर को रेस्क्यू कर बोरी में बंद कर वनविभाग के वनरक्षक किशन गायरी को सूचित कर पुनः जंगल में छोडा।

मेले का शुभारंभ

भीम, (निसं)। कस्बे के पाटिया खेल मैदान में राजस्थान शॉपिंग फेस्टिवल मेले का शुभारंभ हुआ। राजस्थान शॉपिंग फेस्टिवल मेला व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान के सभी जिलों व कस्बों सहित नगर पालिकाओं में राजस्थान शॉपिंग फेस्टिवल मेले का आयोजन किया जाता है। भीम कस्बे के पाटिया खेल मैदान में घरेलू उपयोगी सामान व खाने-पीने की स्टाल कपड़े जूते खिलौने इत्यादि व बच्चों के लिए झूले आदि लगाए गए और सरकार की गाइडलाइन के पालना अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से राजस्थान शॉपिंग फेस्टिवल स्थल पर जगह जगह सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा गार्ड पीने के पानी की व्यवस्था सहित यातायात के लिए सुरक्षा गार्ड उपलब्ध रहेंगे।

'रोटी बैंक द्वारा दिव्यांग और निराश्रित को भोजन पैकेट उपलब्ध कराएंगे

डूंगरपुर, (निसं)। नगर परिषद डूंगरपुर के तत्कालीन सभापति केके गुप्ता द्वारा 18 सितंबर 2018 को जरूरतमंद व्यक्तियों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई रोटी बैंक की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक रविवार को स्थानीय शिव पैलेस होटल में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पुनाराम गोधारा, अध्यक्षता केके गुप्ता ने की, विशिष्ठ अतिथि एडीएम कुलराज मीणा, समाजसेवी बंसीलाल कटारा, ट्रस्टी प्रेम कुमार पाटीदार, ट्रस्टी डॉ अनिल बनवीर और रोटी बैंक के अध्यक्ष व ट्रस्टी रमेश वरियानी मंचासिन रहे। बैठक में केके गुप्ता ने अपने उद्बोधन कहा कि गरीबों के लिए ना हीरा चाहिए, ना मोती चाहिए, सिर्फ जरूरतमंद को दो वक्त की रोटी चाहिए। इस बात को सार्थक करने रोटी बैंक की स्थापना 68 ट्रस्टी सदस्यो के सहयोग से की जो आज एक वट वृक्ष बन चुका है। डूंगरपुर की जनता का और इस बैंक कें ट्रस्टी में कर्जा नही उतार सकता। गुप्ता ने बैंक के संचालन करता प्रेमांशु पंड्या, महेश जैन, बंसीलाल कटारा और विनोद श्रीमाली की सराहना करते उन्हें साधुवाद दिया।उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी हूं डूंगरपुर की बदौलत हूं। मुझे देश-विदेश में जो मान सम्मान प्राप्त हो रहा है, यह डूंगरपुर की जनता के असीम स्नेह की बदौलत है, जिसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। रोटी बैंक द्वारा जन सेवा के कई प्रकल्पों पर आगे कार्य करने पर विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक आने वाले समय में पशुओं को चारा और पक्षियों को दाना भी उपलब्ध करवाएगा एवम साथ ही शहर में निसहाय, गरीब और जरूरतमंद को टिफिन व्यवस्था भोजन भी उपलब्ध करवाएगा।गुप्ता ने उपस्थित समस्त समाजों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियो, स्वयं सेवी संस्थाओं से आठाह किया कि प्रतिदिन के भोजन के लिए 3100 रूपये की सहयोग राशि के लिए आगे आकर 365 दिन के भोजन की व्यवस्था में सहयोग करे। इस अवसर पर पेंशनर समाज से 101 परिवारों की सूची एवम पूज्य सिंधी समाज से 51 परिवारों की सूची उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इसी प्रकार उन्नित संस्थान की नीलम श्रीमाल, शीतल पंड्या और महिला मंडल ने भी प्रतिदिन के भोजन में परिवारों को जोडने की घोषणा की। चंपालाल जैन ने सुझाव दिया की पक्षियों के दाना और पशुओं के लिए चारे के लिए भी ट्रस्टी सदस्य बने जाए इस सुझाव पर आम सहमति से 25 हजार रूपये के ट्रस्टी सदस्य बनाने की घोषणा हुई।प्रेमांशु पंड्या द्वारा संचालन करते हुए कहा कि रोटी बैंक की स्थापना पूर्व सभापति के के गुप्ता के मार्गदर्शन और सहयोग से 18 सितंबर 2018 को की गई जिसमे 68 ट्रस्टीयो द्वारा सहयोग किया गया।

प्रारंभ में सहयोगी के रूप में धनपाल जैन, महेश जैन, बंसीलाल कटारा, राजेश शर्मा, केतन शाह, पद्मेश गांधी द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। रोटी बैंक में 7 वर्षो में 420 परिवारों द्वारा 3100 रुपए के सहयोग से 420 दिनों के भोजन की व्यवस्था हो पाई। कोरोना काल खंड में रोटी बैंक द्वारा 21 हजार लोगो को निशुल्क भोजन पैकेट उपलब्ध करवाए एवम 830 परिवारों को राशन सामठी जनसहयोग से दिया गया।

रोटी बैंक की बैठक को संबोधित करते के.के. गुप्ता।

वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

बांसवाड़ा, (निसं)। नगर परिषद् एवं जीवदया सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्री कॉलोनी, राजस्थान आवासन मण्डल हाउसिंग बोर्ड योजना में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने की जबकि अतिथि के रुप में नेता प्रतिपक्ष ओम प्रकाश पालीवाल, नगर परिषद् आयुक्त मोहम्मद सुहैल शेख, जीव दया सेवा संस्था के जयेश पण्ड्या, अनिता, पार्षद श्यामा राणा, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन अध्यक्ष गमीरचंद पाटीदार, पार्षद कल्पेश सेवक एवं सुरेश कलाल मौजूद रहे। शास्त्री कॉलोनी के 100 फीट रोड के दोनो ओर सघन वृक्षारोपण के साथ-साथ ट्री गार्ड आदि भी नूतन विद्यालय के एनएसएस विद्यार्थियों एवं आईआरजीआरवाय योजना श्रमिको के सहयोग से लगाए गए। कॉलोनी क्षेत्र के प्रत्येक गृहस्वामी ने पौधो के संरक्षण एवं समुचित देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। यहां के वाशिन्दो ने लगभग पांच पौधे गोद लिये एवं मैदान क्षेत्र को हरा-भरा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पार्षद श्यामा राणा एवं मनीष उपाध्याय ने स्थानीय समस्याओं यथा पूल निर्माण, मैदान का विकास, रोड के बीच में डिवाईडर, सम्पर्क सडक को मुख्य मार्ग से जोडने आदि से सभापति को अवगत कराया। नगर परिषद् नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पौधरोपण करना ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु इनकी देखरेख एवं नियमित रूप से पानी पिलाकर इनका संरक्षण करना भी आवश्यक है।

समाज में पीछे रहे व्यक्ति को उठाना ही शिक्षा का उद्देश्य : डॉ. यादव

बांसवाड़ा, (निसं)। हम जब भी कोई काम करें तो यह जरुर देखना चाहिए कि उससे गरीब का भला हो रहा है या नहीं या समाज में जो सबसे पीछे रह गया है उसे संबल प्रदान कर पा रहे हैं या नहीं। यहीं भावना शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूर्ण करती है। उक्त उद्गार जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने विद्या भारती संस्थान के नवीन सांदीपनि विद्या निकेतन छात्रावास के विद्या निकेतन उमावि परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये।

डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा नौकरी या रोजगार के लिये ही नहीं होती है वरन् वह इंसान का चरित्र निर्माण करती है जो शिक्षा चरित्र निर्माण नहीं कर सके उसके कोई औचित्य नहीं है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए कि व्यक्ति आदर्श जीवन जीते हुए राष्ट्रकृ के प्रति समर्पित रह सके। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी में रहने वाले सामाजिक रुप से दुर्बल की चिंता करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। इन्हीं भावनाओं को रखकर शिक्षा ग्रहण की जाये तो निश्चित रुप से वह सार्थक होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थितियां दुरूखद् है क्योंकि शिक्षा सिर्फ प्रतियोगिता की तैयारियों के लिये की जा रही है और उसी का परिणाम है कि कुछ विद्यार्थी आत्महत्या कर लेते हैं तो कुछ घर छोडकर चले जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे जो आज पौधा तैयार कर रहे हैं वो कल राष्ट्रकृ का निर्माण करेगा अतरू शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान दें। कलक्टर डॉ. यादव ने बताया कि उन्होंने भी कक्षा 1 से 12 तक की शिक्षा विद्या भारती में ही ग्रहण की थी और आज राजस्थान में वही प्रार्थना सुनने को मिल रही है। मुख्यवक्ता विकासराज ने कहा कि ईश्वर प्राप्ति का मार्ग गुरु ही बता सकता है। गुरु-शिष्य परम्परा को आधार मानकर नवीन छात्रावास प्रारंभ किया जा रहा है जो सुखद् है। भारतवर्ष की परंपराएं, भारत की संस्कृति की वाहक है इसलिए शिक्षा में भारतीयता का होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बालक में धैर्य की अति कमी आ रही है जिसका मुख्य कारण मोबाईल का उपयोग हैं। वर्तमान शिक्षा के माध्यम से अच्छे और चरित्रवान युवा पीढी का निर्माण किया जाए। उन्होंने बताया की नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण से शिक्षा में भारतीयता का समावेश होगा।

इस अवसर पर बेणेश्वर पीठाधीश्वर अच्युतानंद महाराज ने कहा कि किसी भी देश की पहचान उसके नागरिकों के चरित्र से होती है इसीलिये हमें सद् चरित्र से युक्त युवा पीढी का निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और आविष्कारों के बीच हमें भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना होगा क्योंकि विद्या ही अवगुणों से मुक्ति प्रदान करती है वहीं जीवन को सार्थक बनाती है। उन्होंने कहा कि देश के चरित्र का वास्तविक निर्माण विद्या भारती के गुरुकुलों में होता है।

विद्या भारती संस्थान के नवीन सांदीपनि विद्या निकेतन छात्रावास का शुभारंभ हुआ।